[This question paper contains **12** printed pages.]

*Your Roll No.* ..........................

**9992B** **B**

**M.Com./II**

Course 433—Project Management and Financial Services
(Admission of 2004 onwards)

*Time* : 3 *Hours* *Maximum Marks* : 75

(*Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.*)

*Note* : The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the School of Open Learning. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.

**टिप्पणी :** प्रश्न-पत्र पर अंकित पूर्णांक 'स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग' में प्रवेश प्राप्त छात्रों के लिए मान्य हैं। नियमित विद्यार्थियों के लिए इन अंकों का समानुपातिक पुनर्निर्धारण परीक्षाफल तैयार करते समय किया जाएगा।

*Note* : Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी :** इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *All* questions.
*All* questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

[P. T. O.

1. (*a*) Good project ideas are key to success. List out various sources you would tap to identify them.

(*b*) Demand Forecasting is a challenging task. Explain various methods used by Project managers for forecasting demand of a product. 7,8

(क) परियोजना के सम्बन्ध में उचित धारणाएँ सफलता की कुंजी हैं। उनका अभिनिर्धारण करने के लिए आप विभिन्न स्रोतों का उपयोग करके उनकी सूची बनाइए।

(ख) माँग का पूर्वानुमान लगाना एक चुनौतीपूर्ण काम है। किसी उत्पाद की माँग का पूर्वानुमान लगाने के लिए परियोजना प्रबन्धकों द्वारा प्रयुक्त विभिन्न विधियों को स्पष्ट कीजिए।

*Or*/**अथवा**

(*a*) Location of the project is important for its success. List out the factors considered most essential while finalising the location of the project.

(*b*) Describe the various means of finance available to meet the cost of the project. 8,7

(क) किसी परियोजना की सफलता के लिए उसकी अवस्थिति महत्वपूर्ण होती है। उन कारकों की सूची बनाइए, जिन्हें परियोजना की अवस्थिति पर अंतिम निर्णय करने के लिए सर्वाधिक आवश्यक समझा जाता है।

(ख) परियोजना की लागत की पूर्ति करने के लिए उपलब्ध वित्त के विभिन्न साधनों का वर्णन कीजिए।

2. (*a*) What are the benefits of availing demat services? Is it possible for an investor to open multiple demat accounts? What are the essential conditions for the same?

(*b*) What are the important channels for exit of investments in venture capital financing? 8,7

(क) डिमैट सेवाओं का उपयोग करने के क्या हितलाभ हैं? क्या किसी निवेशक के लिए अनेक डिमैट खाते खोलना सम्भव है? इसके लिए अनिवार्य शर्तें क्या हैं?

(ख) जोखिम पूँजी वित्तीयन में निवेशों के निकास के लिए महत्वपूर्ण मार्ग क्या हैं?

*Or*/**अथवा**

(*a*) Compare and contrast export factoring with forfeiting.

(*b*) How is life insurance different from general insurance? What are the key differences between a term insurance policy and an endowment plan? Which is the most popular form of insurance policy these days? 6,9

(क) निर्यात लेनदारी लेखा-क्रय की समपहरण के साथ तुलना कीजिए।

(ख) जीवन बीमा साधारण बीमा से किस प्रकार भिन्न है? आवधिक बीमा पॉलिसी और बंदोबस्ती योजना में मूल भिन्नताएँ क्या हैं? आजकल बीमा पॉलिसी का सर्वाधिक लोकप्रिय प्रकार क्या है?

3. (*a*) A 28 years old executive with a monthly salary of ₹ 50,000 per month is able to save ₹ 10,000 monthly. He intends to invest the same in mutual fund schemes. Suggest appropriate Mutual fund schemes for investment by him giving appropriate reasons for the same.

(*b*) Explain the concept of Lease and Hire Purchase. What are the key differences between the two? 8,7

(क) ₹ 50,000 का मासिक वेतन प्राप्त करने वाला एक 28 वर्षीय कार्यपालक ₹ 10,000 मासिक की बचत कर लेता है। वह उसे म्यूच्युअल फण्ड योजनाओं में निवेशित करना चाहता है। निवेश के लिए उपयुक्त म्यूचुअल फण्ड योजनाएँ सुझाइए और उनकी उपयुक्तता के लिए कारण बताइए।

(ख) पट्टा और भाड़ा-क्रय की संकल्पना स्पष्ट कीजिए। दोनों के बीच मूल भिन्नताएँ क्या हैं?

*Or* / अथवा

(*a*) The RBI has instituted a strong and comprehensive supervisory mechanism for NBFCs. Describe this supervisory framework.

(*b*) Discuss the principal sources of discrepancy between social costs and benefits on the one hand and monetary costs and benefits on the other. (7,8)

(क) भारतीय रिजर्व बैंक ने अबैंकीय वित्त निगमों (एन.बी.एफ.सी.) के लिए सुदृढ़ और व्यापक पर्यवेक्षण-तंत्र स्थापित किया है। इस पर्यवेक्षण-ढाँचे का वर्णन कीजिए।

(ख) एक ओर सामाजिक लागतों और हितलाभों और दूसरी ओर मौद्रिक लागतों और हितलाभों के बीच विसंगति के प्रधान स्रोतों का विवेचन कीजिए।

4. (*a*) A firm is required to choose between constructing a large or small factory to produce a new line of products. The large plant would be needed if the future brings a high demand for new products. But the large plant would have new cash inflows below the ₹ 10,00,000 outlay, if demand is medium or low. The present value cash flows are ₹ 14,00,000 with high demand, ₹ 9,00,000 with medium demand, and

₹ 6,00,000 with low demand. The smaller plant produces a lower return if demand is high but has high positive net present values at medium demand. It would cost ₹ 2,00,000 as a cash outlay and would return a present value inflow of ₹ 3,20,000 with high demand, ₹ 2,70,000 with medium demand and ₹ 1,80,000 with low demand.

What is the net present value of each alternative if there is a 40% chance of high demand and 20% chance of low demand?

(*b*) A company is considering a new machine. The net cash flows have been estimated as follows :

| | Year 1 | Probability | Year 2 | Probability |
|---|---|---|---|---|
| Net cash | ₹ 10,00,000 | 0.4 | ₹ 8,000 | 0.5 |
| Flow | | | ₹ 12,000 | 0.5 |
| Net cash | ₹ 12,000 | 0.6 | ₹ 16,000 | 0.4 |
| Flow | | | ₹ 20,000 | 0.6 |

The cost of the machine is ₹ 20,000 with an estimated life of two years and cost of capital of the firm is 12%. Use a decision tree approach to recommend whether the equipment should be purchased or not? 8,7

(क) एक फर्म को उत्पादों के एक नए प्रकार के उत्पादन के लिए एक बड़े या छोटे कारखाने का निर्माण करने के बीच चुनना है। यदि भविष्य में नए उत्पादों के लिए भारी माँग आती है, तो बड़े संयंत्र की आवश्यकता होगी। किन्तु यदि माँग मध्यम या निम्न है तब बड़े संयंत्र का नया नकदी अंतर्वाह ₹ 10,00,000 के परिव्यय से नीचे होगा। उच्च माँग पर नकदी प्रवाह का वर्तमान मूल्य ₹ 14,00,000 है, मध्यम माँग पर ₹ 9,00,000 है और निम्न माँग पर ₹ 6,00,000 है। छोटे संयंत्र से उच्च माँग होने पर निम्न प्रतिफल प्राप्त होता है, किन्तु मध्यम माँग पर उच्च धनात्मक शुद्ध वर्तमान मूल्य मिलता है। नकद परिव्यय के रूप में उस पर ₹ 2,00,000 लागत आएगी और उच्च माँग पर ₹ 3,20,000, मध्यम माँग पर ₹ 2,70,000 तथा निम्न मांग पर ₹ 1,80,000 वर्तमान मूल्य अंतर्वाह प्राप्त होगा।

उच्च माँग की 40% सम्भावना और निम्न माँग की 20% सम्भावना होने पर प्रत्येक विकल्प का शुद्ध वर्तमान मूल्य क्या होगा?

(ख) एक कम्पनी एक नई मशीन के बारे में विचार कर रही है। शुद्ध नकदी-प्रवाह इस प्रकार आकलित किए गए हैं :

| | वर्ष 1 | प्रायिकता | वर्ष 2 | प्रायिकता |
|---|---|---|---|---|
| शुद्ध नकदी | ₹ 10,00,000 | 0.4 | ₹ 8,000 | 0.5 |
| प्रवाह | | | ₹ 12,000 | 0.5 |
| शुद्ध नकदी | ₹ 12,000 | 0.6 | ₹ 16,000 | 0.4 |
| प्रवाह | | | ₹ 20,000 | 0.6 |

मशीन की लागत ₹ 20,000 है, अनुमानित जीवन दो वर्ष है और फर्म की पूँजी की लागत 12% है। उपस्कर को खरीदने अथवा न खरीदने के बारे में सलाह देने के लिए निर्णयावली उपागम का उपयोग कीजिए।

*Or*/**अथवा**

A government is considering building a tunnel across a sea channel which can currently only be crossed by ship. The following information is available :

(*i*) The tunnel will consist of a two-track railway and cars and passengers will be carried by train. It will cut crossing time by two hours for cars and passengers.

(*ii*) The relevant categories of traffic are :

(*a*) Cars (and their passengers)

(*b*) Passengers not in cars

(*c*) Freight.

(*iii*) The authorities who would operate the tunnel have decided to charge a toll which would maximise revenue. The toll charge will be ₹ 175 per car which compares favourably with charge by ship which is ₹ 275.

(*iv*) Because of the quicker and cheaper journeys available, it is forecasted that the following traffic per year for the foreseeable future will be diverted from the existing method of travel :

80,000 cars (with an average of two passengers)

55,000 passengers (not in cars)

3,80,000 tonnes of freight

In addition 60,000 extra car journeys (with two passengers each) will be made.

(*v*) The average value of passenger time is ₹ 7 per hour.

(*vi*) The diverted traffic will reduce cost of operation of existing ship by ₹ 45 million a year, while at the forecast levels of traffic, the maintenance and operating cost of the tunnel will be ₹ 3.5 million. Its capital cost will be ₹ 425 million. The life of the tunnel will be 50 years.

Assuming that the monetary figures given above reflect social value, calculate the IRR of the stream of social cost and benefits. 15

एक सरकार एक समुद्री जलमार्ग के आर-पार एक सुरंग बनाने का विचार कर रही है, जिसे वर्तमान में केवल जहाज द्वारा ही पार किया जा सकता है। उपलब्ध सूचना निम्नलिखित है :

(*i*) सुरंग में दो पटरी रेलमार्ग होगा और कारों तथा यात्रियों को रेलगाड़ी द्वारा ले जाया जाएगा। इससे कारों तथा यात्रियों के लिए पार करने का समय दो घंटे कम हो जाएगा।

(*ii*) यातायात की संगत श्रेणियाँ इस प्रकार हैं :

(क) कार (और उनके यात्री)

(ख) कारों के बिना यात्री

(ग) माल।

(*iii*) सुरंग का प्रचालन करने वाले प्राधिकारियों ने चुंगी लगाने का निर्णय लिया है जिससे राजस्व अधिकतम होगा। चुंगी प्रभार प्रति कार ₹ 175 होगा जो ₹ 275 के जहाज प्रभार की तुलना में लाभकर है।

(*iv*) उपलब्ध द्रुततर और सस्ती यात्राओं की दृष्टि में यह पूर्वानुमान लगाया गया है कि आने वाले दिनों में प्रतिवर्ष निम्नलिखित यातायात यात्रा की वर्तमान प्रणाली से हट जाएगा :

80,000 कार (औसतन दो यात्री)

55,000 यात्री (कारों के बिना)

3,80,000 टन माल

इसके अतिरिक्त 60,000 अतिरिक्त कार यात्रा (प्रत्येक में दो यात्री) होंगी।

(v) यात्री समय का औसत मूल्य ₹ 7 प्रति घंटा है।

(vi) नए मार्ग पर यातायात से वर्तमान जहाज की प्रचालन लागत प्रतिवर्ष ₹ 45 मिलियन कम हो जाएगी, जबकि यातायात के पूर्वानुमानित स्तर, सुरंग के रख-रखाव और प्रचालन की लागत ₹ 3.5 मिलियन होगी। इसकी पूँजीगत लागत ₹ 425 मिलियन होगी। सुरंग का जीवन 50 वर्ष होगा।

यह मानते हुए कि ऊपर दिए गए मौद्रिक आँकड़े सामाजिक मूल्य को प्रतिबिम्बित करते हैं, सामाजिक लागत और हितलाभों की धारा के IRR का परिकलन कीजिए।

5. Write short notes on any *three* : 3×5=15

(i) Difference between UNIDO and Little Mirrlees Approach

(ii) Life Cycle Approach

(iii) Shadow price of labour in a labour surplus economy

(iv) Credit Rating of States and Countries.

किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(*i*) UNIDO और लिटिल मिरलीस उपागम

(*ii*) जीवन-काल उपागम

(*iii*) श्रम अतिरेक अर्थव्यवस्था में श्रम की कल्पित कीमत

(*iv*) राज्यों और देशों की उधार-पात्रता।

100